**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3112**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**पीएमएसएसवाई के तहत अस्पतालों को शामिल करना**

**†3112. श्री तारिक अनवर:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत उन्नयन के लिए नए अस्पतालों को शामिल करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को पीएमएसएसवाई के तहत कटिहार के जिला अस्पतालों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव पर हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या केंद्र सरकार ने उक्त प्रस्ताव के संबंध में बिहार सरकार से भी राय मांगी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ ) प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, केन्द्र-राज्य हिस्सेदारी के आधार पर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी)/अभिघात केन्द्र की स्थापना के माध्यम से मौजूदा सरकारी मेडिकल

कॉलेजों/संस्थानों (जीएमसीआई) के उन्नयन की 75 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। इसमें से बिहार राज्य में जीएमसीआई के उन्नयन की निम्नलिखित परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं -

| क्र.सं. | जीएमसीआई का नाम |
| --- | --- |
| 1 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, दरभंगा |
| 2 | श्री कृष्णा मेडिकल कालेज, मुजफ्फरपुर |
| 3 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, भागलपुर |
| 4 | सरकारी मेडिकल कॉलेज, गया |
| 5 | पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पटना |
| 6 | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना |

पीएमएसएसवाई योजना के अंतर्गत उन्नयन के लिए नए अस्पतालों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****